# पाटिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

इन्टर्नशिप पुस्तिका

(NEP 2020 के अनुसार)

## क्यों जरूरी है इंटर्नशिप ?

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पढ़ाई सिर्फ किताबों और सिद्धांत तक सीमित नहीं रहना चाहिए, विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, सामाजिक जुड़ाव, पेशेवर अनुभव और पेशेवर कौशल भी हासिल करना अति आवश्यक है, इसलिए NEP-2020 के अनुसार स्नातक कर रहे सभी विद्यार्थियों को अपने स्नातक काल–खंड में इंटर्नशिप पूरा करना जरूरी है।

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर 2023–2027 सत्र से NEP के तहत नया Syllabus लागू किया गया है। जिसके तहत सभी विद्यार्थियों को $4^{th}$ Semester से $5^{th}$ Semester के बीच एक 4 क्रेडिट का इंटर्नशिप पूरा करना आवश्यक है।

## इंटर्नशिप के उद्देश्यः–

1. पढ़ाई (Theory) और अभ्यास (Practical) के बीच की दूरी कम करना।
2. विद्यार्थियों को अनुभव आधारित और बहुविषयक सीखने का मौका देना।
3. विद्यार्थियों के अन्दर रोज़गार क्षमता, शोध क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ाना।

## इंटर्नशिप के बारे में:–

1. स्नातक (Undergraduate) के चौथे सेमेस्टर के बाद।
2. पाँचवें सेमेस्टर शुरू होने से पहले (गर्मी की छुट्टियों में)/पाँचवे सेमेस्टर के दौरान।
3. हर विद्यार्थी को 60 से 120 घण्टे (यह इंटर्नशिप के कार्य की प्रकृति पर निर्भर करेगा) की अनिवार्य इंटर्नशिप करना होगा।
4. सभी संकायों यथा– कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के लिए यह नियम एक जैसा है।
5. सफलतापूर्वक इंटर्नशिप पूरा करने के बाद इस इंटर्नशिप के 4 क्रेडिट किसी भी विद्यार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा तभी प्राप्त होंगे जब विद्यार्थी को प्राप्त (वैध) इंटर्नशिप प्रमाण पत्र (ग्रेड सहित) की छायाप्रति अपने संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष/महाविद्यालय के NEP समन्वयक/महाविद्यालय के प्राधानाचार्य को जारी तिथि से पूर्व जमा करेंगे एवं इसकी SOFT COPY

Scanned with OKEN Scanner

विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जारी किये गए पोर्टल पर दिए गए तिथि से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य है।

विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप के विकल्पः—

वर्त्तमान में सभी विद्यार्थियों के इंटर्नशिप हेतु चार विकल्प उपलब्ध है जिसका विवरण निम्न दिया जा रहा हैः—

1. **स्वतंत्र इंटर्नशिप (Independent Placement)**

इसके अन्तर्गत कोई भी विद्यार्थी स्वंय किसी मान्यता प्राप्त संस्था/संस्थान से जुड़ कर अपना इंटर्नशिप पूरा कर सकते है।

नियम एवं शर्तेः—

i. इटर्नशिप में जाने से पहले विद्यार्थी अपने संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष/महाविद्यालय के NEP समन्वयक/महाविद्यालय के प्रधानाचार्य से लिखित अनुमति लेना जरूरी है।

ii. विद्यार्थी इंटर्नशिप करने वाली संस्था की वैधता एवं उस संबंध मे सारी जानकारी लिखित रूप में अपने महाविद्यालय को सूचित करेंगे।

iii. विद्यार्थी जहाँ इंटर्नशिप करना तय करेंगे, वहाँ से प्राप्त Confirmation letter की Soft/Hard copy की छाया प्रति महाविद्यालय स्तर पर जमा करेंगे, जिसमें इंटर्नशिप का विवरण के साथ अवधि का वर्णन होना आवश्यक है।

iv. इंटर्नशिप से पूर्व सभी विद्यार्थियों को एक Undertaking Form भरना होगा जो उसे अपने संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष/महाविद्यालय के NEP समन्वयक से प्राप्त हो जाएगा।

v. इंटर्नशिप पूरा करने के बाद विद्यार्थी को प्राप्त (वैध) इंटर्नशिप प्रमाण पत्र की छायाप्रति अपने संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष/महाविद्यालय के NEP समन्वयक/महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को जमा करना आवश्यक हैं, जो विश्वविद्यालय के email - uginternship@ppup.ac.in पर प्रमाण पत्र को प्रेषित करेंगे।

2. **महाविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर्नशिप (Institutionally Facilitated Internship)**

Scanned with OKEN Scanner

इसके अन्तर्गत विद्यार्थी उन मान्यता प्राप्त संस्थान से जुड़ कर अपना इंटर्नशिप पूरा करेंगे। जिन संस्थानों का जुड़ाव (MOU) उनके संबंधित महाविद्यालय से है। छात्र/छात्रओं को इसकी पूरी जानकारी महाविद्यालय NEP समन्वयक के माध्यम से मिल जाएगी।

इस हेतु महाविद्यालय को निर्देशः–

1. इसके अन्तर्गत महाविद्यालय अपने आस–पास के मान्यता प्राप्त संस्थानों, NGO, अस्पताल, निजी विद्यालय, महाविद्यालय, निजी कम्पनियों इत्यादि से इंटर्नशिप हेतु समझौता/MOU करने के लिए स्वतंत्र है।
2. महाविद्यालय जिस भी मान्यता प्राप्त संस्थाओं से समझौता/MOU करेगा, उस समझौते की एक प्रति विश्वविद्यालय के ईमेल पर इंटर्नशिप हेतु भेज देगें।
3. महाविद्यालय से समझौता/MOU हुए संस्थाओं में विद्यार्थी अपना इंटर्नशिप कर सकते है।
4. विद्यार्थी उन समझौता/MOU हुए संस्थाओं में अपनी रूचि के अनुसार विकल्प चुनेगें और अपने महाविद्यालय के NEP समन्वयक के सहयोग से अपना इंटर्नशिप पूरा कनेंगे
5. छात्र/छात्राओं के इंटर्नशिप की पूरी जानकारी महाविद्यालय के NEP समन्वयक के पास होगी।

3. फैकल्टी मेंटरशिप इंटर्नशिप **(Inter-College Faculty Mentorship)**

इसके अन्तर्गत किसी एक महाविद्यालय का विद्यार्थी अपने विषय से संबंधित दूसरे महाविद्यालय (पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी कोटि के महाविद्यालय) के शिक्षक के अन्तर्गत अपना इंटर्नशिप पूरा करते हुए अपने शिक्षक/मेंटर से प्रामण पत्र प्राप्त कर सकतें हैं।

इस हेतु नियम/शर्त्ते :–

1. एक महाविद्यालय के विद्यार्थी अपने विषय से संबंधित विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले किसी भी दूसरे महाविद्यालय के वैसे शिक्षक के अन्तर्गत अपना इंटर्नशिप पूरा कर सकते हैं जो शिक्षक किसी भी छात्र/छात्राओं को पी.एच.डी करा रहे हों या पी.एच.डी करा चुके हों।
2. एक शिक्षक एक सत्र में अधिकतम 30 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप करा सकते है।
3. शिक्षक अपने विषय से संबंधित बच्चों को इंटर्नशिप में मार्गदर्शन के अतिरिक्त कम से कम 60 घण्टे की गतिविधि या कोई प्रोजेक्ट का कार्य भी करा सकते हैं जिससे छात्र/छात्राओं को व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हो।

04/09/25

Scanned with OKEN Scanner

4. इंटर्नशिप पूरा होने पर संबंधित शिक्षक अपने विभाग या महाविद्यालय के लेटरपेड पर छात्र/छात्राओं को इंटर्नशिप का प्रमाण पत्र देंगे। साथ ही इसकी एक प्रति अपने महाविद्यालय के NEP समन्वयक के पास भी जमा करेंगे।

## 4. विश्वविद्यालय द्वारा साझेदारी वाली इंटर्नशिप (University-Partnered Internship)

इसके अन्तर्गत छात्र/छात्राओं के इंटर्नशिप हेतु विश्वविद्यालय अपने स्तर पर विभिन्न संस्थाओं से समझौता कर रहा है और उन समझौता किये गए संस्थाओं की सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। सूची में दर्ज संस्थाओं के बारे में गहनता से समझने के बाद छात्र/छात्राएं अपनी रूचि अथवा विषय से जुड़ाव इत्यादि को प्राथमिकता देते हुए उन संस्थाओं में इंटर्नशिप हेतु आवेदन दे सकते हैं। आवेदन संबंधी सारी प्रक्रिया का वर्णन विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। पहले आवेदन करने वाले छात्र/छात्राओं को संबंधित संस्थाओं में इंटर्नशिप हेतु चयन किया जाएगा।

## इंटर्नशिप हेतु सामान्य नियमः–

1. विद्यार्थियों को इंटर्नशिप की अवधि में अनुशासित रहना होगा और संबंधित संस्था के नियम मानने होंगे।
2. इंटर्नशिप अवधि में विद्यार्थियों की शत–प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य हैं।
3. विद्यार्थियों को एक बार इंटर्नशिप की स्वीकृति के बाद किसी भी प्रकार के बदलाव हेतु उचित कारण के साथ अपने महाविद्यालय के NEP समन्वयक से पुनः अनुमति लेनी होगी।

## मूल्यांकन और प्रमाण पत्रः–

विद्यार्थी को इंटर्नशिप पूरा करने के बाद निम्न प्रमाण पत्र महाविद्यालय स्तर पर जमा करना होगा।

1. समापन प्रमाण पत्र (Completion Certificate)
2. उपस्थिति का रिकार्ड (Attendance Record)

प्रश्नः– विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग छात्र/छात्राओं को 04 क्रेडिट किस आधार पर देगा ?

उत्तरः– विद्यार्थियों को संबंधित संस्था से प्राप्त ग्रेड के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा अंक अथवा CGPA प्राप्त होंगे।

ग्रेड का आधार :––

04/09/25

90 and Above – O (Outstanding)
80-89 - A+ (Excellent)
70-79 - A (Very Good)
60-69 - B+ (Good)
50-59 - B (Above Average)
40-49 - C (Average)
30-39 - P (Pass)
Below 30 - F (Fail)

महत्वपूर्णः— विद्यार्थियों द्वारा सफलतापूर्वक इंटर्नशिप समाप्त कर लेने एवं प्राप्त ग्रेड सहित प्रमाण—पत्र की छायाप्रति विश्वविद्यालय के पोर्टल पर जमा करने एवं विश्वविद्यालय स्तर पर उन प्रमाण पत्रों की जाँच के बाद ही विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग किसी भी छात्र/छात्रा को 04 क्रेडिट देगा।

धन्यवाद।

04/09/25

Scanned with OKEN Scanner